कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

9, सरोजनी नायडू मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज-211001

विज्ञप्ति

सर्वसम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2027 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा में प्रयोगात्मक परीक्षा व मूल्यांकन कार्य हेतु परीक्षकों की नियुक्ति तथा कक्ष निरीक्षण एवं अन्य दायित्यों के निर्वहन हेतु शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों के लिए कम्प्यटरीकृत पहचान पत्र विकसित किये जाने हेतु प्रदेश के समस्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों, प्रधानाचार्यों एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों का डेटा परिषद के पोर्टल पर अपलोड/अपडेट कराया जाना आवश्यक है। अस्तु **सभी प्रधानाचार्य यह सुनिश्चित करें कि उनके विद्यालय में कार्यरत समस्त शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों का अद्यतन विवरण दिनांक 15 नवम्बर, 2026 तक परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in पर विद्यालय लॉगइन के अन्तर्गत अपलोड कर दिया जाए।**

साथ ही, यह भी निर्देशित किया जाता है कि विवरणों की पूर्ण सतर्कता एवं गहनता से जाँच कर ली जाए। विशेष रूप से शिक्षकों का नाम, पदनाम, जन्मतिथि, नियुक्ति तिथि, मोबाइल नम्बर, शैक्षिक अर्हता तथा हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट में जिस विषय के अध्यापन हेतु उनकी नियुक्ति की गयी है, उस विषय का नाम एवं कोड की सावधानीपूर्वक पुष्टि कर ली जाए। जिससे किसी भी शिक्षक की गलत विषय में परीक्षक के रूप में नियुक्ति न होने पाए तथा कोई अनर्ह शिक्षक परीक्षक के रूप में चयनित न हो सके। यह भी ध्यान रखा जाय कि किसी भी दशा में एक शिक्षक का विवरण एक से अधिक विद्यालयों से अग्रसारित न होने पाये।

यदि प्रधानाचार्यों द्वारा पोर्टल पर अपलोड की गई त्रुटिपूर्ण अथवा भ्रामक सूचनाओं के आधार पर कोई अनर्ह/अयोग्य शिक्षक परीक्षक नियुक्त हो जाता है, तो इसके लिए संबंधित प्रधानाचार्य उत्तरदायी माने जाएंगे।

विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के विवरणों को अपलोड/अपडेट करने हेतु परिषद की वेबसाइट दिनांक 15 नवम्बर, 2026 तक क्रियाशील रहेगी।

(भगवती सिंह)
सचिव

पृष्ठांकन संख्याः मा0शि0प0/सिस्टम सेल/1111-7 दिनांक : 27-10-2026

उपर्युक्त विज्ञप्ति की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

(1) सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि विज्ञप्ति जनहित से सम्बन्धित है। अतः इसे अपने दैनिक समाचार पत्र के समस्त संस्करणों में प्रमुख स्थान पर निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
(2) शिक्षा निदेशक (मा०) एवं सभापति, मा०शि०प०, शिविर कार्यालय, 18 पार्क रोड, लखनऊ।
(3) अपर शिक्षा निदेशक (मा०/राजकीय), शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
(4) अपर शिक्षा निदेशक (पत्राचार), पत्राचार शिक्षा संस्थान, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
(5) संयुक्त शिक्षा निदेशक/उप शिक्षा निदेशक, समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।

(6) अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ, बरेली, वाराणसी, प्रयागराज एवं गोरखपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अपने स्तर से भी इसका व्यापक प्रचार प्रसार करायें तथा इसका सतत् अनुश्रवण करते रहें।

(7) जिला विद्यालय निरीक्षक, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का विवरण पूर्ण शुद्धता के साथ वेबसाइट पर अपलोड/अपडेट करायें तथा इस डेटा का अपने पोर्टल के माध्यम से परीक्षण एवं सत्यापन अवश्य कर लें।

(भगवती सिंह)
सचिव